## Reasoning

1.) 6 सहकर्मी - A, B, C, D, E और F एक साथ एक वृत्ताकार मेज पर वृत्त के केंद्र की ओर मुख करके एक दूसरे से समान दूरी पर बैठकर भोजन कर रहे है। D, E और B के ठीक बगल में बैठा है जबकि C, A और F के ठीक बगल मे बैठा है। यदि A, E के बाईं ओर ठीक बगल मे बैठा है तो C के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?




Ans→F

) 6 कवि A, B, C, D, E और F एक घेरे में एक दूसरे के सामने केंद्र की ओर मुँह करके बैठे है। A, E के सामने बैठा है। F, E के पास में बैठा है। B, D के ठीक दाये बैठा है। A, C के पास में बैठा है। C, B के सामने बैठा है। B के बाये पाँचवे स्थान पर कौन बैठा है?




Ans→E

3) 6 व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे है। काया, जया और तारा के ठीक बगल मे है। सोनल प्रिया और स्वाति के ठीक बगल मे है। सोनल प्रिया के दाई ओर ठीक बगल मे बैठी है। तारा और स्वाति एक दूसरे के ठीक बगल में नही बैठी है। प्रिया के बाई ओर ठीक बगल मे कौन बैठी है?




तारा

4) A, C, I, L, M और Y गोल मेज के परितः इसके केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे है। C ठीक M के दाये पड़ोस मे बैठा है। A ठीक I और Y के बीच मे बैठी है। Y ठीक M के दाये दूसरे स्थान पर बैठी है L और A के बीच मे कौन बैठा/बैठी है?




I

5) सात मित्र E, F, G H, I, J और K एक वृत्ताकार मेज के साथ केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F और I क्रमशः G के ठीक बाये और दाये बैठे हैं। H, G के बायी ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, और I, J के पडोसी है।
H के निकटतम दांयी ओर कौन बैठा है?




किसन K

6) 6 मित्र अजय नीतू सीमा कविता मनोज और विजय एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठे है। उनकी पीठ मेज के केंद्र की ओर है। मनोज सीमा और नीतू के बीच में बैठा है। अजय सीमा के बाई ओर ठीक बगल में बैठा है। कविता नीतू की पडोसी नहीं है। सीमा के दांयी ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा / बैठी है?




विजय

7) M, N, O और P एक गोल कार्यक्रम मेज के परितः एक दूसरे के समान दूरी पर बैठे है। E, F, G और H भी बैठक में ~~सम्मिलित~~ सम्मिलित हो गये हैं। M, F के सामने और O और G के बीच में बैठा है। P, G के दायी ओर दूसरे स्थान पर और H के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। यदि N, H के सामने बैठा है। तो F के पडोस में कौन से 2 लोग बैठे है?




P, E

8) A, B, C, D, E, F, G और H केंद्र की ओर मुंह करके एक वृत्त के चारो ओर बैठे है। E और G हमेशा एक दूसरे के बगल मे बैठते है। D, C के दायी ओर तीसरे स्थान पर बैठता है, F, H के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठता है। C कभी भी A के बगल मे नही बैठता है। जबकि D कभी भी G के बगल मे नही बैठता है। H, D और E का पडोसी नही है। A और D के बीच कौन बैठता है?




F

1) A, B, C, D, E, F और G सात व्यक्ति गोल मेज के परित: बाहर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं C, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। लेकिन D के दांयी ओर पडोस मे बैठा है। B, A के दांयी ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। जबकि G और E उनके बीच बैठे हैं। F कहाँ बैठा है?




C के दांये

10) 6 दोस्त K, L, M, N, O और P एक षट्भुजाकार मेज पर समान दूरी पर बैठे है। K, P के सामने है। O, N के दाये से दूसरा है। N, K और L के बीच मे बैठा है। M, P के ठीक बाये है। कौन O के ठीक दाये बैठा है?




(L)

11) अकरम नागेश गिरीश विक्रम और सतपाल किसी पंजभुजाकार मेज के पाँच कोनो पर बैठे है। सभी मेज के केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे है। गिरीश विक्रम के बांये तीसरे स्थान पर बैठा है। सतपाल नागेश के बांयी ओर बगल मे बैठा है। अकरम सतपाल के बाये दूसरे स्थान पर बैठा है।
नागेश के दांये दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?




(अकरम)

(१) दीपक, गुरकिरण, शाहिद और विक्रांत नामक चार व्यक्ति एक वर्गाकार मेज के चारो ओर इसके केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। वे इस तरह से बैठे हैं। कि प्रत्येक व्यक्ति मेज की प्रत्येक भुजा के मध्य में बैठा है। विक्रांत दीपक के दांयी ओर ठीक बगल मे बैठा है। शाहिद विक्रांत के सामने बैठा है। गुरकिरण के बांयी ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?




विक्रांत Ans

1. Six friends Ram, Shyam, Hari, Anant, Shiva and Umesh are sitting around a circular table. Shaym is sitting on the immediate left of Ram. Hari sits one place to the left of shyam. Shiva has to sit nent to Hari. Umesh has to sit next to Ram. Shiva is on the immediate right of Umesh. Who is sitting immediate right of Hari? छह मित्र राम, श्याम, हरि, अनंत, शिव और उमेश एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। श्याम, राम के ठीक बाएं ओर बैठा है। हरि, श्याम के बाएं से एक स्थान छोड़ के बैठा है। शिव को हरि के बगल में बैठना है। उमेश को राम के बगल में बैठना है। शिव, उमेश के ठीक दाएं ओर है। हरि के ठीक दाएं में कौन बैठा है ?

(a) उमेश (b) श्याम
(c) शिव (d) अनंत

2. Six friends are sitting in a circle facing the center. Bharat is to the left of Vinod. Rajesh is between Bharat and Mukesh. Jayant is between Vinod and Narendra. Who is to the left of Mukesh?
छः मित्र एक वृत्त में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। भरत, विनोद, की बाईं ओर है। राजेश, भरत और मुकेश के बीच में है। जयंत, विनोद और नरेन्द्र के बीच में है। मुकेश के बाईं ओर कौन है ?

(a) भरत (b) विनोद
(c) राजेश (d) नरेन्द्र

3. Six friends Peter, Jack, Jill, Patrick, Sam and Androw are sitting around a circular table facing the centre. Jack is sitting on the immediate left of peter. Jill is sitting opposite Jack. Patrick cannot sit next to Jill. Sam is sitting correctly between Patrick and Jill. Who is sitting to the immediate left of Jack?
छह मित्र पीटर, जैक, जिल, पैट्रिक, सैम और एंड्रयू केन्द्र की ओर मुख करके वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। जैक, पीटर के ठीक बाएं ओर बैठा है। जिल जैक के सामने बैठा है। पैट्रिक, जिल के ठीक बाजू में नहीं बैठ सकता। सैम, पैट्रिक और जिल के ठीक बीच में बैठा है। जैक के ठीक बाएं ओर कौन बैठा है?

(a) पीटर (b) सैम
(c) एंड्रयू (d) पैट्रिक

4. Six friends A, B, C, D, E and F are sitting in a circle. C is to the left of D, F is in the middle of A and E and E is in the middle of F and D. Who is to the left of F?
A, B, C, D, E और F छह मित्र एक वृत्त में बैठे हुए हैं। C, D के बायें है, F बीच में है A और E के तथा E बीच में है F और D के। F के बायें कौन है?

(a) A (b) C
(c) D (d) E

5. Six boy A, B, C, D, E and F are sittign around a circle facing the center (not necessarily in the same order). One boy sits between C and D. one boy sits between A and B. C is not the neighbor of F. A sits immediate left of E. Who sits immediate right of F.
छह लड़के A, B, C, D, E तथा F एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठते हैं ( जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो )। C तथा D के बीच में एक लड़का बैठता है। A तथा B के बीच में एक लड़का बैठता है | C, F का पड़ोसी नहीं है। A, E के तुरंत बायीं ओर बैठता है । F के तुरंत दायी ओर कौन बैठता है ?

(a) B (b) D
(c) E (d) A

6. Seven persons P, Q, R, S, T, U and Vare sitting around a circular table facing the center (not necessarily in the same order). T sits third to the right of R. V sits third to the right of Q. One person sits between P and T. P is not neighbour of S. U sits third to the left of P. Who sits second to the left of S?
सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U तथा V एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठते हैं। ( जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो ) । T, R के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है। V, Q के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है । P तथा T के बीच में एक व्यक्ति बैठता है। P, S का पड़ोसी नहीं है। U, P के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है । S के बायीं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठता है?

(a) R (b) V
(c) P (d) Q

7. Six friends, A, B, C, D, E and F, are sitting around a circular table (all facing the centre). An equal number of people are sitting between A and E. B is sitting second to the left of A. C is not an immediate neighbour of A. F is sitting second to the right of E. Who is sitting between F and D?
छ: मित्र, A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। ( सभी केन्द्र की ओर उन्मुख है ), *), एक समान संख्या में लोग A और E के बीच बैठे हैं। B, A के बाँये से दूसरे स्थान पर बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F, E के दाँये से दूसरे स्थान पर बैठा है, F और D के बीच कौन बैठा है?

(a) A (b) B
(c) E (d) C

8. Six girls are sitting in a circle. Sarita is to the left of Sushma and to the right of Sudha. Shilpi is in front of Sarita. 'Shilpi' is to the left of Saroj and to the right of Shobha. If Saroj exchanges her place with Sarita and Shobha with Sushma, then tell who will sit in front of Sarita?

छः लड़कियाँ एक वृत्ताकार घेरे में बैठी हैं। सरिता जो कि सुषमा के बाईं ओर है तथा सुधा के दाईं ओर है। सरिता के सामने शिल्पी है। 'शिल्पी', सरोज के बाईं ओर तथा शोभा के दाईं ओर है। यदि सरोज, सरिता से एवं शोभा, सुषमा से अपना स्थान बदल लेती है, तो बताएं कि सरिता के सामने कौन बैठेगी?

(a) शोभा (b) सुषमा
(c) सरोज (d) शिल्पी

9. Six friends A, B, C, D, E and F are sitting around a round table in such a way that A is between E and F, E is opposite to D and C is not on either side of E. The person opposite to D is

छः दोस्त A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के इर्द-गिर्द इस प्रकार बैठे हैं कि A, E तथा F के बीच में है, E, D के सामने है तथा C, E के किसी भी तरफ नहीं है। D के सामने कौन है?

(a) A (b) B
(c) C (d) E

10. A, B, C D, E, F are sitting around a circle facing the centre. B, who is sitting second to the left of A, is between F and E who are facing C and A respectively. D is to the right of A. Who is third to the right of A?

A, B, C D, E, F एक वृत्त के गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, जो A के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है, वह F तथा E के मध्य में है जो क्रमशः C तथा A की ओर मुख किए हुए हैं। A के दाएँ D है। A के दाएँ तीसरा कौन है?

(a) C (b) D
(c) E (d) B

11. Eight Persons J, K, L, M, N, O, P and Q are sitting around a circular table each facing towards the centre. P is not an immediate neighbour of K. N is an immediate neighbour of M. Jis fifth to the left of K. M is not an immediate neighbour of K and J. M is on the immediate left of P. O is an immediate neighbour of P. Lis not an immediate neighbour of J. What is the position of M with respect to J?

आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं और उनमें से प्रत्येक केंद्र की ओर मुंह करके बैठा है। P, K का निकटतम पड़ोसी नहीं है । N, M का निकटतम पड़ोसी है। J, K के बाएँ से पाँचवां है। M, K और J का निकटतम पड़ोसी नहीं है । M, P के ठीक बायीं ओर है। O, P का एक निकटतम पड़ोसी है । L, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। J के संबंध में M का स्थान क्या है?

(a) बायें से दूसरा
(b) दायें से तीसरा
(c) दायें से दूसरा
(d) बायें से पाँचवां

12. Eight persons A, B, C, D, E, F, G and H are sitting around a circular table and each person is facing the centre. H is third to the right of E, who is the immediate neighbour of D. E is second to the right of C. B is immediate left of G. D is second to the left of B, who is fourth to the right of F. Who is fifth to the left of A?

आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक गोलाकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं और प्रत्येक व्यक्ति केंद्र की ओर मुंह करके बैठा है | H, E के दायीं ओर से तीसरा है, जो D का निकटतम पड़ोसी है। E, C के दायीं ओर से दूसरे स्थान पर है। B, G के ठीक बायी तरफ है। D, B के बायीं ओर से दूसरा है, जो F के दाएं से चौथे स्थान पर है। A के बाएँ से पाँचवां कौन है?

(a) B (b) C
(c) D (d) E

13. Palak, Quincy, Ramesh, Shyam, Timir, Umang, Vandan and Willa are sitting around a circular table facing the centre of the table. Palak sits third to the right of Willa and third to the left of Quincy. Shyam sits second to the right of Timir. Vandan sits second to the left of Ramesh. Timir is not neighbour of Quincy while Umang is neither a neighbour of Timir nor of Willa. Who is sitting to the immediate right of Quincy?

पलक, क्विंसी, रमेश, श्याम, तिमिर, उमंग, वंदन और विला एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। पलक, विला के दायें से तीसरे और क्विंसी के बायें से तीसरे स्थान पर बैठी है। श्याम, तिमिर के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। वंदन, रमेश के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है । तिमिर, क्विंसी का पड़ोसी नहीं है, जबकि उमंग न तो तिमिर का और न ही विला का पड़ोसी है । क्विंसी के तुरन्त दायें कौन बैठा है?

(a) वंदन
(b) उमंग
(c) विला
(d) इनमें से कोई नहीं

14. Seven persons P, Q, R, S, T, U and V are sitting around a circular table facing the center (not necessarily in the same order). T sits third to the right of R. V sits third to the right of Q. One person sits between P and T. P is not neighbour of S. U sits third to the left of P. Who sits second to the left of S?

सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U तथा V एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठते हैं। ( जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो ) । T, R के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है। V, Q के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है। P तथा T के बीच में एक व्यक्ति बैठता है। P, S का पड़ोसी नहीं है । U, P के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठता है। S के बायीं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठता है?

(a) R (b) V
(c) P (d) Q

15. Five friends, Avanti, Vishakha, Kiran, Deena and Hansika, are sitting around a circular table facing the centre. Vishakha is sitting second to the right of Deena. Avanti is sitting third to the left of Kiran, who is not sitting immediately next to Hansika. Who is sitting to the immediate right of Deena?
पाँच मित्र अवंती, विशाखा, किरन, दीना और हंसिका केन्द्र की ओर मुख करके एक गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। विशाखा, दीना के दायें से दूसरे स्थान पर बैठी है | अवंती, किरण के बायें से तीसरे स्थान पर बैठी है, जो हंसिका के ठीक बगल में नहीं बैठी है। दीना के ठीक दायें कौन बैठा है?
(a) हंसिका (b) विशाखा
(c) किरन (d) अवंती

16. Eight friends - A, B, C, D, E, F, G and H are sitting around a circle and all are facing the centre. B is third to the right of A and A is third to the right of C. F is second to the right of E and E is not the immediate neighbour of B. D is second to the left of H and H is second to the left of G. Who is sitting immediate left of B?
आठ मित्र - A, B, C, D, E, F, G तथा H एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं तथा सभी का मुख केन्द्र की ओर है, B, A के दाई ओर तीसरे स्थान पर है और A, C के दाई ओर तीसरे स्थान पर है, F, E के दाई ओर दूसरे स्थान पर है तथा E, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है, D, H के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है तथा H, G के बाई ओर दूसरे स्थान पर है, B के एकदम बाई ओर कौन बैठा है?
(a) G (b) F
(c) D (d) H

17. Five boys are standing in such a way that a circle is formed. Each of them is facing the centre. Ajay is between Ramesh and Dominic. Solomon is to the left of Babu. Ramesh is to the left of Solomon. Who is to the right of Ajay?
पाँच लड़के इस प्रकार खड़े हैं कि एक वृत्त का निर्माण होता है। उनमें से प्रत्येक का मुख केन्द्र की ओर है। रमेश तथा डोमिनिक के बीच में अजय है। बाबू के बाएँ सोलोमन है। सोलोमन के बाएँ रमेश है। अजय के दायीं ओर कौन है?
(a) डोमिनिक (b) बाबू
(c) सोलोमन (d) रमेश

18. left of P who is facing outside. J is third to the right of O and is second to the left o Q. K is not facing towards the centre. M is an immediate neighbour of P. What is the position of M with respect of K?
आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से छह केंद्र की ओर मुंह किए हुए हैं, जबकि दो बाहर की ओर मुखरित हैं | M, J के ठीक बायें तरफ है। L, N के दायें से दूसरे स्थान पर है, जो P के बायें से तीसरे स्थान पर है, जो बाहर की ओर मुखरित है। J, O के दायें से तीसरे स्थान पर है और Q के बायें से दूसरे स्थान है। K केन्द्र की ओर मुखरित नहीं है। M, P का निकटतम पड़ोसी है। K के संबंध में M का स्थान क्या है?
(a) बायें से चौथा (b) दायें से दूसरा
(c) बायें से तीसरा (d) दायें से तीसरा

19. Eight persons A, B, C, D, E, F, G and H are sitting around a circular table facing away from the centre (not necessarily in the same order). B is the neighbour of E and is fourth to the right of A. Only two persons are sitting between E and F. Only three persons are sitting between G and H. B is not the neighbour of G. D is third to the left of C. Who can be the neighbours of A?
आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G तथा H केंद्र के विपरीत मुख करके एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द बैठे हुए हैं (जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो)। B, E, का पड़ोसी है तथा A के दायीं ओर चौथे स्थान पर है। E तथा F के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हुए हैं। G तथा H के मध्य केवल तीन व्यक्ति बैठे हुए हैं। B, G का पड़ोसी नहीं है। D, C के बायीं ओर तीसरे स्थान पर हैं। कौन -कौन A के पड़ोसी हो सकते हैं?
(a) C तथा D (b) H तथा C
(c) G तथा D (d) G तथा H

20. Eight persons J, K, L, M, N, O, P and Q are sitting around a circular table. Six of them are facing towards the centre while two them are facing outside. M is on the immediate left of J, L is second to the right of N who is third to the left of P Who is facing outside. J is third to the right of O and is second to the left of Q. K is not facing towards the centre. M is an immediate neighbour of P. Who is second to the left of K?
आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं। उनमें से छह केन्द्र की ओर मुंह किए हुए हैं, जबकि दो बाहर की ओर मुखरित हैं | M, J के ठीक बायें तरफ है। L, N के दायें से दूसरे स्थान पर है, जो P के बायें से तीसरे स्थान पर है, जो बाहर की ओर मुखरित है। J, O के दायें से तीसरे स्थान पर और Q के बायें से दूसरे स्थान पर है। K केन्द्र की ओर मुखरित नहीं है । M, P का निकटतम पड़ोसी है। K के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन है ?
(a) J (b) M
(c) O (d) P

21. Five persons- L, M, N, O and P, are sitting around a circular table facing outwards. P is seated immediate right of L. M is seated second to the right of P. N is seated immediate next to P and M. Who is seated immediate left of L?

पाँच व्यक्ति- L, M, N, O और P, एक वृत्ताकार मेंज के परितः बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं। P, L के दाई ओर ठीक बगल में बैठा है। M, P के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N, P और M के ठीक बगल में बैठा है। L के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

(a) M (b) N
(c) O (d) P

22. Six persons U, V, W, X, Y and Z are sitting in a circle facing opposite directions from the centre. U sits third to the right of Y. W sits immediate left of U. W sits third to the left of V. Z does not sit next to U. Who is sitting between W and Y?

छः व्यक्ति U, V, W, X, Y और Z वृत्त बना कर केंद्र से विपरीत दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। U, Y के दाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है | W, U के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। W, V के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। Z, U के बगल में नहीं बैठा है। W और Y के बीच कौन बैठा है?

(a) U (b) Z
(c) X (d) V

23. 6 persons A, B, C, D, E and F are sitting around a circular table facing away from the centre. B sits immediate left of A. F sits immediate right of A. E is immediate neighbour of F and D. C sits immediate right of D. Who among the following sits immediate next to A and C?

6 व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र के विपरीत मुख करके बैठे हैं। B, A के बाई ओर ठीक बगल में बैठा है। F, A के दाई ओर ठीक बगल में बैठा है। E, F और D के ठीक बगल में बैठा है। C, D के दाई ओर ठीक बगल में बैठा है। इनमें से कौन A और C के ठीक बगल में बैठा है?

(a) D (b) E
(c) F (d) B

24. Six friends David, Bhanu, Minto, Kritha, John and Nisan are sitting in a circle with their backs towards the centre. David and Minto are sitting to the immediate left and right of Bhanu respectively. John is not sitting to the immediate left of David. Nisan is sitting third to the right of Bhanu. Who is sitting second to the left of Bhanu?

छः दोस्त डेविड, भानु, मिंटो, क्रिटा, जॉन और निसान, एक गोल घेरे में इसके केंद्र की ओर अपनी पीठ करके बैठे हैं। डेविड और मिंटो क्रमशः भानु के ठीक बाएं और दाएं बगल में बैठे हैं। जॉन, डेविड के ठीक बाएं बगल में नहीं बैठा है। निसान, भानु के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है । भानु के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) मिंटो (b) निसान
(c) जॉन (d) क्रिटा

25. Nine persons A, B, C, D, E, F, G, H and I are sitting around a circular table each facing outside. A is third to the left of H and is second to the right of C. D is second to the left of F. D is an immediate neighbour of H. I is on immediate left of B. G is not an immediate neighbour of A. Who is fifth to the right of B?

नौ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G, H और I एक वृत्ताकार टेबल के चारों ओर बैठे हैं और प्रत्येक व्यक्ति बाहर की ओर मुखरित है। A, H के बाएं से तीसरे स्थान पर है और C के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर है। D, F के बाएं से दूसरे स्थान पर है। D, H का निकटतम पड़ोसी है। I, B के निकटतम बाएं स्थान पर है। G, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दायें से पांचवां कौन है?

(a) C (b) E
(c) F (d) G

26. Five persons ( P, Q, R, S and T) are sitting around a pentagon table facing towards the center. T is immediate left to R, who is second right to P. Q is immediate left to S, who is exact left to P. Who sitting exact right to P?

पांच व्यक्ति (P, Q, R, S और T ) एक पंचकोण मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हैं। T, R के ठीक बायें है, जो P के दायीं ओर दूसरे स्थान पर है। Q, S के ठीक बायीं ओर है, जो P के ठीक बायीं ओर दूसरे स्थान पर है। P के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

(a) Q (b) R
(c) S (d) T

27. P, Q, R, S, T and U are seated at each corner of a hexagonal table facing the centre. P is second to the left of U. Q is the neighbour of R and S. T is second to the left of S. If Q replaces U, U replaces T, T replaces R and R replaces Q. Who sits second to the right of Q?

P, Q, R, S, T और U एक षट्भुजाकार टेबल के प्रत्येक कोने पर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। P, U के बायें से दूसरा है। Q, R और S का पड़ोसी है | T, S के बायें से दूसरा है । यदि Q, U का स्थान लेता है, U, T का स्थान लेता है, T, R का स्थान लेता है और R, Q का स्थान लेता है। Q के दाहिने से दूसरा कौन बैठा है ?

(a) U (b) S
(c) R (d) T

28. Six friends K, L, M, N, O and P are sitting around a hexagonal shaped table at equal distance between them. K is facing towards P. O is second to the right of N. N is sitting between K and L. M is to the immediate left of P. Who is sitting to the immediate right of O?

छः दोस्त K, L, M, N, O, और P एक षट्भुजाकार मेज पर समान दूरी पर बैठे हैं। K, P के सामने है। O, N के दायें से दूसरा है। N, K और L के बीच में बैठा है। M, P के ठीक बायें है। कौन O के ठीक दाएँ बैठा है?

(a) P (b) N
(c) L (d) M

29. Six persons P, Q, R, S, Tand U were sitting around a hexagonal table facing the centre. U is sitting opposite to P, who is to the immediate left of R. S is sitting to the immediate right of U, and T is sitting exactly between P and S. What was the sitting location of Q?
छः व्यक्ति P, Q, R, S, T और U केंद्र की ओर एक षट्भुज टेबल के चारों ओर बैठे थे। U, P के ठीक विपरीत बैठा है, जो R के ठीक बाएँ तरफ है। S, U के एकदम दायें बैठा है तथा T, P और S के बीच में है। Q का बैठने का स्थान क्या था?
(a) T के विपरीत (b) R के विपरीत
(c) S के विपरीत (d) P के तुरंत बाएँ

30. Rashmi, Sunita, Mona and Sakshi are sitting around a square table. Rashmi is to the right of Sunita, Mona is to the left of Sakshi. Who among the persons mentioned in the alternatives faces each other.
रश्मि, सुनीता, मोना और साक्षी एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठी हैं। रश्मि सुनीता के दाएं ओर है। मोना साक्षी के बाएं ओर है। विकल्पों में उल्लिखित व्यक्तियों में से कौन एक दूसरे के सामने बैठा है ?
(a) सुनीता - साक्षी (b) मोना - रश्मि
(c) रश्मि - सुनीता (d) रश्मि - साक्षी

31. A, B, C, D, E, F, G, and H are sitting around a square table facing the centre. Four of them are seated at each corner of the table while the other four are seated exactly in the middle of each side. E who is seated in the middle of one of the sides is seated fourth to the left of G. Only one person is seated between G and F. B is the immediate neighbour of E. Only three persons are seated between B and A. A is not the neighbour of D. H is seated immediate left of C. C is seated third to the right of E. Who is seated third to the right of D?
A, B, C, D, E, F, G, और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से चार मेज के प्रत्येक कोने पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार प्रत्येक भुजा के ठीक मध्य में बैठे हैं। E जो एक भुजा के मध्य में बैठा है, G के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है| G और F के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, E का निकटतम पड़ोसी है । B और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, D का पड़ोसी नहीं है। H, C के ठीक बाईं ओर बैठा है | C, E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) G (b) B
(c) H (d) C

32. Six teachers A, B, C, D, E and F are standing in a row but not in a same order and all are facing towards North. C is standing between E and A. D is not standing at either of the ends and F is not at the right end. B is standing immediate right to E. Who is standing immediate right to D?
छः अध्यापक A, B, C, D, E और F उत्तर दिशा की ओर देखते हुए एक पंक्ति में खड़े हैं किन्तु इसी क्रम में नहीं| C, A और E के बीच में खड़ा है। D, पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं खड़ा है और F भी दायें छोर पर नहीं खड़ा है। B, E के एकदम दाएँ में खड़ा है। D के एकदम दायें में कौन खड़ा है?
(a) A (b) F
(c) C (d) E

33. Five person A, B, C, D and E are sitting in a row facign north (not necessarily in the same order). One person sits beween B and C. one person on sits between E and A. one person sits between B and D. E sits immediate right of D. who sits at the extreme ends.
पांच व्यक्ति A, B, C, D तथा E एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे है ( जरूरी नहीं की इसी क्रम में हो ) | B तथा C के बीच में एक व्यक्ति बैठता है। E तथा A के बीच में एक व्यक्ति बैठता है। B तथा D के बीच में एक व्यक्ति बैठता है। E, D के तुरन्त दायी ओर बैठता है। अंतिम छोरो पर कौन बैठता है?
(a) B तथा C (b) C तथा D
(c) C तथा E (d) B तथा E

34. Six friends are sitting in a row from A to F facing north. A is sitting at the extreme left end. B sits one seat left of the one who sits on the extreme right. C sits one place left of B but does not sit at extreme end. D cannot sit next to B. E is sitting next to C. who is sitting 5th from the left?
छह मित्र A से F तक उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। A अंतिम बाएं छोर पर बैठा है । B, अंतिम दाएँ से बैठे व्यक्ति से एक स्थान छोड़के सीट पर बैठा है। C, B के एक स्थान छोड़के बैठा है, लेकिन अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। D, B के बगल में नहीं बैठ सकता है। E, C के बगल में बैठा है। बाएँ से 5 वें स्थान पर कौन बैठा है?
(a) F (b) E
(c) D (d) B

35. Six friends are sitting in a row from P to U, facing north. P sits 3rd from the right. Q is sitting to the immediate left of P and R is sitting to the immediate right of P. S and T are sitting at extreme ends. Who is 5th from the right?
छह मित्र P से U तक उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। P दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, P से ठीक बाएं ओर बैठा है और R, P के ठीक दाएं बैठा है। S और T अंतिम छोर पर बैठे हैं। दाएं से 5 वें स्थान पर कौन बैठा है?
(a) P (b) R
(c) Q (d) U

36. Five girls D, L, N, O and Q are sitting in a row facing south (not necessarily in the same order). L is sitting second to the right of O. Q is sitting immediate right of D. Two girls are sitting between Q and N. How many girls are sitting to the right of D?
पाँच लड़कियाँ D, L, N, O तथा Q एक पंक्ति दक्षिण की ओर मुख करके बैठी हुई हैं (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो) । L, O के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठी हुई है। Q, D के तुरंत दायीं ओर बैठी हुई है। Q तथा N के मध्य दो लड़कियाँ बैठी हुई हैं। D के दायीं ओर कितनी लड़कियाँ बैठी हुई हैं?
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1

37. Five teachers P, K, A, R and M are sitting in a row facing south (not necessarily in the same order). K is sitting second to the right of R. M is sitting immediate right of P. Two teachers are sitting between M and A. Who is sitting immediate right of R.
पाँच शिक्षक P, K, A, R तथा M एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हुए है ( जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। K, R के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है | M, P के तुरन्त दायें बैठा है। दो शिक्षक M और A के मध्य बैठे हैं। R के तुरन्त दायें कौन बैठा है।
(a) M (b) K
(c) P (d) A

38. Six friends Anshu, Aman, Adarsh, Akash, Arpit and Ankit are sitting in a row facing south. Arpit is seated to the immediate right of Adarsh. Anshu is seated fourth to the right of Arpit. Akash is seated second to the left of Aman. Who is seated second to the left of Anshu?
छः मित्र अंशु, अमन, आदर्श, आकाश, अर्पित और अंकित एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। अर्पित, आदर्श के ठीक दाईं ओर बैठा है। अंशु, अर्पित के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। आकाश, अमन के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अंशु के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) अमन (b) अंकित
(c) आकाश (d) आदर्श

39. Six friends Anshu, Aman, Adarsh, Akash, Arpit and Ankit are sitting in a row facing south. Arpit is seated to the immediate right of Adarsh. Anshu is seated fourth to the right of Arpit. Akash is seated second to the left of Aman. Who is seated second to the left of Anshu?
छः सहकर्मी X, Y, Z, A, B और C एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। Z, C के ठीक दाहिनी ओर बैठा है जो एक कोने पर बैठा है | A, B के दाहिनी ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। X, B के निकट नहीं बैठा है। A के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है ?
(a) Y (b) Z (c) X (d) C

40. P, Q, R, S, T and U are six friends sitting in a row facing south. P sits immediate left of R and second to the right of S. T sits immediate right of R. U sits second to the left of R. Q sits immediate left of S. Who sits at the extreme right of the row?
P, Q, R, S, T और U छह मित्र हैं, वे एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह किए हुए बैठे है | P, R के ठीक बाएँ और S के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है| T, R के ठीक दाएँ बैठा है। U, R के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, S के ठीक बाएँ बैठा है। पंक्ति के एकदम दाएँ छोर पर कौन बैठा है?
(a) Q (b) U (c) T (d) R

41. J, H, Q, S, X, L and I are sitting in a straight row facing south but not necessarily in the above order. Two persons are sitting between J and Q. X sits between J and S and second to the right of H. L sits second to the left of Q and immediate left of I. Q and H sit at the ends of the straight row. Who among the following sits third to the left of J?
J, H, Q, S, X, L और I एक सीधी पंक्ति में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं, किंतु उनका उपरोक्त क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। J और Q के बीच में दो व्यक्ति बैठे है। X, J और S के बीच में बैठा है और H के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L, Q के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है और I के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Q और H सीधी पंक्ति के सिरों पर बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन J के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है ?
(a) S (b) H (c) Q (d) L

42. Five products N, L, T, V and R are placed in a row facing east (not necessarily in the same order). T is second to the left of U. N is second to the right of L. R is immediate right of U. Which product is second from the north end?
पाँच उत्पादों N, L, T, V और R को पूर्व की ओर एक पंक्ति में रखा गया है ( जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो) । T, U के बाएं से दूसरे स्थान पर है। N, L के दाएं से दूसरे स्थान पर है। R, U के एकदम दाएं तरफ है। कौन सा उत्पाद उत्तरी छोर से दूसरे स्थान पर है?
(a) T (b) U (c) N (d) L

43. Naveen, Sapna, Alka, Jenny, Megan, Farhad and Bhavana are sitting in a row in a cinema hall. All of them are facing the screen which is towards east. Sapna is at the extreme end and her immediate neighbour is Megan. Jenny is to the right of Megan. Bhavana has Megan on one side and Farhad on the other. Alka is to the immediate right of Jenny who sits third from the south end. Jenny is sitting exactly between which of the following pairs of people?

नवीन, सपना, अलका, जेनी, मेगन, फरहाद और भावना सिनेमा हॉल में एक पंक्ति में बैठे हैं। उन सभी का मुख स्क्रीन की ओर है जो पूर्व की ओर है। सपना चरम छोर पर है और उसका तत्काल पड़ोसी मेगन है। जेनी मेगन के दाहिने तरफ है। भावना के एक ओर मेगन और दूसरी ओर फरहाद है। अलका जेनी के तत्काल दाईं ओर है जो दक्षिण छोर से तीसरे स्थान पर बैठी है। जेनी निम्नलिखित लोगों में से किस जोड़े के ठीक बीच में बैठी है?

(a) फरहाद और अलका (b) मेगन और भावना
(c) नवीन और अलका (d) भावना और फरहाद

44. Five chairs J, H, P, S and M are placed in a row facing east (not necessarily in the same order). P is second to the left of S. J is second to the right of H. M is to the immediate right of S. Which of the following is the correct position of J?

पाँच कुर्सियाँ J, H, P, S और M एक पंक्ति में पूर्व की ओर मुख करके रखा गया है (जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। P, S के बायें से दूसरा है। J, H के दायें से दूसरा है । M, S के तुरन्त दायीं ओर है। निम्नलिखित में से J की सही स्थिति क्या है?

(a) M के बायें से तीसरा (b) H के दायें से दूसरा
(c) S और H के बीच में है (d) S के तुरन्त दायें

45. Five people A, B, C, D and E are sitting in a row facing west. A and B are sitting together. C is sitting at the south end and D is sitting at the north end. E is sitting between B and C. Who is sitting third from south?

पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक पंक्ति में पश्चिम की ओर मुँह करके बैठे हैं। A और B एक साथ बैठे हैं। C दक्षिणी सिरे पर बैठा है और D उत्तरी सिरे पर बैठा है। E, B और C के बीच में बैठा है। दक्षिण से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

(a) E (b) B (c) A (d) C

46. Six persons P, Q, R, S, T and U are sitting in two parallel rows in such a way that three of them are sitting in one row facing north and the other three are sitting in the other row facing south. P is facing south. U is sitting opposite to R. R is facing the same direction as P. S is not facing south. T is sitting facing north but is not sitting opposite to P. Who is sitting opposite to T?

छः व्यक्ति P, Q, R, S, T और U दो समानांतर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से तीन उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं और अन्य तीन दक्षिण की ओर मुख करके दूसरी पंक्ति में बैठे हैं। P का मुख दक्षिण की ओर है। U, R के सम्मुख बैठा है। R का मुख P के समान दिशा की ओर है। S का मुख दक्षिण की ओर नहीं है। T उत्तर की ओर मुख करके बैठा है लेकिन P के सम्मुख नहीं बैठा है। T के सम्मुख कौन बैठा है?

(a) R (b) S
(c) Q (d) P

47. Six persons J, K, L, M, N and P are sitting in two rows, three in each. N is not at the end of any row, M is second to the left of P. L the neighbour of N is sitting diagonally opposite to M, K is of the neighbour of P. Which of the following are sitting diagonally opposite to each other?

छः व्यक्ति J, K, L, M, N और P तीन-तीन की दो पंक्तियों में बैठें हैं। N किसी पंक्ति के छोर पर नहीं बैठा है । M, P के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L जो N का पड़ोसी है M के विकर्णतः विपरीत स्थान पर बैठा है। K, P का पड़ोसी है। निम्न में से कौन दो एक दूसरे के विकर्णतः बैठे हैं ?

(a) M और J (b) J और P
(c) J और L (d) P और L

48. In a college debate competition, six students Savita, Kavita, Namita, Diya, Piya and Riya are divided into 2 equal teams to compete. Each team has equal number of members and both teams are seated in two rows facing each other. Piya is not seated at the ends of any row. Kavita is seated right next to Riya. Diya is seated second to the left of Riya. Namita, who is seated right next to Piya, is seated diagonally opposite to Diya. Who among the following are seated diagonally opposite to each other?

एक कॉलेज की वाद-विवाद प्रतियोगिता में छह छात्राओं-सविता, कविता, नमिता दीया, पिया और रिया को 2 बराबर टीमों में बांटा गया है, जिनके बीच प्रतियोगिता होनी है। प्रत्येक टीम में बराबर सदस्य हैं, और दोनों टीमें दो पंक्तियों में एक-दूसरे के आमने सामने बैठी हैं। पिया किसी भी पंक्ति के सिरे पर नहीं बैठी है। कविता, रिया के ठीक बगल में बैठी है। दीया, रिया के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। पिया के ठीक बगल में बैठी नमिता, दीया के विकर्णतः सामने बैठी है। निम्नलिखित में से कौन एक-दूसरे के विकर्णतः सामने बैठी हैं?

(a) दिया और पिया (b) सविता और पिया
(c) रिया और सविता (d) पिया और कविता

49. Six People A, B, C, D, E and F, are sitting in two rows with three people in each row. E is not sitting at any end of any row. D is sitting on the left of F and is at second place. C is sitting next to E and diagonally opposite to D. B is sitting next to F. On the basis of given information who is sitting opposite to B?

छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F, तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार दो पंक्तियों में बैठे हैं। E किसी भी पंक्ति के अन्त में नहीं है। D, F के बाई ओर दूसरे स्थान पर है। C, E का पड़ोसी है और D के विकर्णवत सम्मुख है। B, F का पड़ोसी है। उपरोक्त सूचना के आधार पर B के सम्मुख कौन है ?

(a) D (b) F (c) A (d) E

50. Five ladies A, B, C, D, E are sitting in a line facing south. Five men L, M, N, O, P are sitting in a line parallel to above line facing north.
(i) A and L are diagonally opposite to each other.
(ii) M is at one end of line.
(iii) D is just to the left of E and is opposite to O.
(iv) P is just to the left of M and is opposite to B.
(v) E is opposite to N who is just right to L.
Which man is sitting in the middle of his line?

पाँच महिलाएँ A, B, C, D, E दक्षिण दिशा के सम्मुख एक पंक्ति में बैठी है । पाँच पुरूष L, M, N, O, P उत्तर दिशा के सम्मुख ऊपर की पंक्ति के समानांतर पंक्ति में बैठे है।
(i) A और L एक-दूसरे के विपरीत विकर्ण है।
(ii) M पंक्ति के किसी एक छोर पर है।
(iii) D, E के बाएँ है और O के विपरीत है।
(iv) P, M के ठीक बाएं है और B के विपरीत है
(v) E, N के विपरीत है जो L के ठीक दाएं है । कौन सा पुरूष अपनी पंक्ति के बीच में बैठा है ?

(a) L (b) O
(c) P (d) N

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
| D | D | D | D | B | B | A | A | D | C |
| 11. | 12. | 13. | 14. | 15. | 16. | 17. | 18. | 19. | 20. |
| C | C | A | B | C | C | D | C | C | D |
| 21. | 22. | 23. | 24. | 25. | 26. | 27. | 28. | 29. | 30. |
| C | B | D | D | A | D | C | D | A | D |
| 31. | 32. | 33. | 34. | 35. | 36. | 37. | 38. | 39. | 40. |
| C | A | B | A | D | D | D | B | C | C |
| 41. | 42. | 43. | 44. | 45. | 46. | 47. | 48. | 49. | 50. |
| B | A | A | B | B | C | B | C | D | B |